डिस्कलेमर

आदेश संख्या 01/2026-27 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।

फा. सं. ऐरा/20010/मोका-रेफ्रेन्स/2018-19/वॉल्यूम-IV/

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

*****

आदेश संख्या 01/2026-27

तृतीय तल, उड़ान भवन,
सफदरजंग हवाई अड्डा,
नई दिल्ली-110003.

जारी करने की तारीख: 07.04.2026

विषय: प्रमुख हवाईअड्डों पर वैमानिक टैरिफ के मामले में - लैंडिंग और पार्किंग प्रभार कम करने के संबंध में।

केंद्र सरकार ने दिनांक 07.04.2026 के अपने पत्र संख्या फा. सं. एवी-24011/03(I)/2026-एडी के माध्यम से ऐरा अधिनियम, 2008 की धारा 42 के तहत भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) को निर्देश जारी किए हैं कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को देखते हुए, सभी प्रमुख हवाईअड्डों पर अंतरदेशीय उड़ानों के लिए तीन (3) माह के लिए लैंडिंग और पार्किंग प्रभारों में 25% की कमी की जाए।

प्राधिकरण ने 07.04.2026 को नीतिगत मामले के तौर पर, केंद्र सरकार के उपर्युक्त निदेशों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। विचार-विमर्श करते समय प्राधिकरण ने ऐरा अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधानों को भी ध्यान में रखा, जिनसे प्राधिकरण को लोक हित में पांच (5) वर्ष की नियंत्रण अवधि के भीतर समय-समय पर टैरिफ में संशोधन करने का अधिकार दिया गया है। समुचित विचार-विमर्श के बाद प्राधिकरण ने सरकार द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने का निर्णय लिया है।

तदनुसार, निम्नलिखित उपाय प्रभावी होंगे:

- सभी प्रमुख हवाईअड्डों पर लैंडिंग और पार्किंग प्रभारों में मौजूदा दरों से 25% की कमी की जाएगी। यह कमी तत्काल प्रभाव से लागू होगी और सभी अंतरदेशीय उड़ानों पर तीन (3) माह के लिए लागू होगी।
- तीन (3) माह की अवधि पूर्ण होने से पूर्व उपर्युक्त निर्णय की उपयुक्तता की समीक्षा की जाएगी।
- कुल राजस्व अपेक्षा (एआरआर) में किसी भी कम वसूली को अगली नियंत्रण अवधि के लिए टैरिफ निर्धारित किए जाने के दौरान ट्रू-अप किया जाएगा।

उपर्युक्त को देखते हुए प्राधिकरण एतद्द्वारा सरकार के निदेशों को लोक हित में कार्यान्वित करने का निर्णय लेता है।

<u>आदेश</u>: -

प्राधिकरण भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13 (2) के साथ पठित धारा 13 (1) (ए) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देता है कि:

i. सभी प्रमुख हवाईअड्डों पर लैंडिंग और पार्किंग प्रभार (वैमानिक टैरिफ का हिस्सा) को मौजूदा दर से 25% कम किया जाएगा।

ii. यह कमी तत्काल प्रभाव से लागू होगी और सभी अंतरदेशीय उड़ानों पर तीन (3) माह के लिए लागू होगी।

iii. तीन (3) माह की अवधि पूर्ण होने से पूर्व इस निर्णय की समीक्षा की जाएगी।

iv. कुल राजस्व अपेक्षा (एआरआर) में होने वाली किसी भी कम वसूली को अगली नियंत्रण अवधि के टैरिफ निर्धारण के दौरान टू-अप किया जाएगा।

प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता

(सुयश नारायण)
सचिव

सेवा में

सभी हवाईअड्डा प्रमुख (संलग्न सूची के अनुसार)

<u>प्रतिलिपि :</u>

i. सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003

ii. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) - एआईसी जारी करने करने के लिए

<u>हवाईअड्डा प्रचालकों सूची</u>

1. अध्यक्ष,
   भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
   राजीव गांधी भवन,
   सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली-110003

2 श्री अम्बर दुबे,
  मुख्य कार्यपालक अधिकारी - एयरो,
  अदानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड,
  अदानी कॉर्पोरेट हाउस,
  शांतिग्राम, वैष्णो देवी सर्कल के पास,
  एसजी हाईवे, खोडियार, अहमदाबाद -382421

3 श्री विदेह कुमार जयपुरिया,
  मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
  डेल्ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड,
  न्यू उड़ान भवन, टर्मिनल-3 के सामने,
  नई दिल्ली- 110037.

4 श्री हरि के मरार,
  प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
  केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु,
  बेंगलुरु - 560300, कर्नाटक, भारत।

5 श्री प्रदीप पनिकर,
  मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
  जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड,
  जीएमआर एयरो टावर्स, चतुर्थ तल,
  राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, शम्शाबाद,
  हैदराबाद – 500409.

6 श्री एस. सुहास, आईएएस,
  प्रबंध निदेशक,
  कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा,
  एर्णाकुलम – 683111, केरल, भारत।

7 श्री अजय वर्मा,
  मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
  चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड,
  कमरा सं. 1, प्रोजेक्ट ऑफिस बिल्डिंग,
  सिविल एयरपोर्ट, चंडीगढ़ – 160003.

8 श्रीमती नीतू शर्मा,
मुख्य वित्तीय अधिकारी,
यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड,
वाईआईएपीएल प्रशासनिक कार्यालय,
नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, किशोरपुर,
जीबी नगर, जेवर – 203155, उत्तर प्रदेश

9 श्री दिनेश कुमार सी,
प्रबंध निदेशक,
कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड,
मट्टन्नूर, कन्नूर – 670708

10 श्री आर. वी. शेषन,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, मोपा, गोवा - 403512.

11. सुश्री स्वाति पांडे,
प्रबंध निदेशक,
महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड,
8वां तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कफ़े परेड, मुंबई – 400005

12. श्री एम. ए. आबिद रूही,
वरिष्ठ हवाईअड्डा निदेशक, नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड
प्रथम तल, पुराना टर्मिनल भवन,
डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा,
नागपुर-440005, महाराष्ट्र, भारत